# डी. पी. एस. दुर्ग में प्राइमरी विंग के ओपन डे का भव्य आयोजन

दिल्ली पब्लिक स्कूल दुर्ग में दिनांक 04.02.2023 को शाला के ''प्राइमरी विंग के ओपन डे'' कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि श्री एच. एस. बत्रा (मेम्बर मैनेजिंग कमेटी डी. पी. एस. दुर्ग) व श्री यशपाल शर्मा (प्राचार्य, डी. पी. एस. दुर्ग) विशेष रूप से उपस्थित थे ।

अतिथियों के औपचारिक स्वागत के पश्चात प्राचार्य श्री यशपाल शर्मा की अगुवाई में मंत्रोच्चारण द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्राचार्य जी ने अपने स्वागत वक्तव्य में मुख्य अतिथि का सम्पूर्ण परिचय एवं स्कूल की वार्षिक गतिविधियों का ब्योरा दिया।

कत्थक शैली में "गणेश वंदना" के द्वारा कार्यक्रम का आरंभ करते हुए छात्राओं ने मंच पर सुन्दर प्रस्तुति दी। सम्पूर्ण कार्यक्रम का विषय – "सेलीब्रेटिंग चाइल्डहुड" था। प्राथमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों ने इस विषय पर रंगारंग प्रस्तुति दी। इंग्लीश एक्शन डांस "गीव ए लिटिल काइन्डनेस", राजस्थानी लोकनृत्य "जीवन के रंग कठपुतली के संग", "कार्निवाल द फन फिस्टा", नृत्यनाटिका "इंद्रधनुष सात रंग खुशियों के", "माइम – मोबाइलफोन" , "पिकॉक डांस", श्री सोहन लाल द्विवेदी जी की प्रसिद्ध कविता कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती...., प्राथमिक कक्षा के स्कूल बैंड का "ऑर्केस्ट्रा", अंतर्राष्ट्रीय लोकनृत्य "फ्लेमिंको", एवं अंग्रेजी नाटक "थ्री लिटिल फेयरिज़" का विशेष रूप से मंचन हुआ। इस रंगारंग कार्यक्रम ने सभी का मन मोह लिया।

प्राथमिक विभाग की समन्वयिका श्रीमती सपना चौधरी ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। कार्यक्रम राष्ट्रगीत के साथ सम्पन्न हुआ। संपूर्ण कार्यक्रम का सफलता पूर्वक संचालन श्रीमती संगीता शाजी (इंचार्ज, एक्टीविटी) व श्रीमती श्रद्धा कश्यप (इंचार्ज म्यूज़िक) प्राथमिक विभाग ने किया। कार्यक्रम का मंच संचालन लवराज वशिष्ठ, आराध्या सिंग, सिमरन तोमर, सार्थक जैन, निहाल सूर्यवंशी, उत्सव जैन, आन्या गुप्ता एवं सदिका सल्होत्रा ने किया।